हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

12 नील गायों को मारने का परमिट देने का बिश्नोई...



11 नगरपरिषद ने मुख्य बाजारों से हटवाया अतिक्रमण



## खबर संक्षेप

### टोहाना क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में लक्खुवाली ढाणी, गांव शक्करपुरा निवासी भूपिन्द्र सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को बाबा दयाल अस्पताल के बाहर खड़ा किया और अस्पताल में चला गया।

### दुकान के बाहर रखा जूसर उठाकर भागे बाइक सवार

**फतेहाबाद।** टोहाना में बाईक पर आए दो युवक एक दुकान के बाहर रखा नया जूसर उठाकर मौके से फरार हो गए। इस बारे दुकानदार द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में जैन गली, वार्ड नं. 7 टोहाना निवासी अवधेश कुमार ने कहा है कि उसकी दमकौरा लिंक रोड पर मोदी बैटरी हाऊस के नाम से दुकान है। गत दिवस जब वह दुकान पर बैठा था तो इसी दौरान दमकौरा रोड की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आए और अचानक दुकान के बाहर रखा सुजाता कम्पनी का जूसर-मिक्सर उठाकर मौके से खाबड़ा मोहल्ले की तरफ फरार हो गए।

### युवक महिला का मोबाइल चुराकर भागा

**फतेहाबाद।** टोहाना में भंडारे के नाम पर चंदा मांगने आया युवक महिला का मोबाइल चुराकर फरार हो गया। इस बारे महिला द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में राजनगर टोहाना निवासी महिला रेनू ने कहा है कि गत दिवस उसका पति काम पर गया हुआ था और वह घर पर अपने दो जुड़वा बच्चों के साथ थी। जब वह घर के बाहर आंगन में चारपाई पर बैठी थी तो इसी दौरान एक युवक वहां आया और भण्डारे के नाम पर दान मांगने लगा।

### बंद पड़े मकान से लाखों के आभूषण चोरी

**सिरसा।** शहर की पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक बंद मकान से चोर लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में भजनलाल ने बताया कि बीती 8 फरवरी की रात्रि को वह परिवार सहित जागरण में गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मकान में घुसकर कमरे में पड़ी अलमारी के ताले तोडक़र 1 सोने की अंगूठी, कान के 2 टोपस, 1 चांदी की चेन जिस पर कोमल लिखा हुआ था, चोरी कर ले गए।

### दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** ऐलनाबाद के नोहर रोड पर एक दुकान के बाहर से चोर बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 6 निवासी पवन ने बताया कि उसका बेटा बीती 6 फरवरी की शाम को बाइक लेकर नोहर रोड स्थित एक दुकान पर गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह दुकान में चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### खेतों से हजारों रुपए की केबल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव सूरतिया में किसानों के खेतों से चोर हजारों रुपए की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में बूटा सिंह ने बताया कि उसके खेतों में सिंचाई के लिए दो मोटर लगी हुई हैं। उसने बताया कि दोनों मोटर्स से करीब 95 फुट केबल, जबकि पड़ोसी स्वर्ण सिंह, हरबंस सिंह, शिंगारा सिंह, बूटा सिंह के खेतों से भी मोटरों से करीब 125 फुट केबल, गुरमेल सिंह, अकबर सिंह व गुरचरण सिंह के खेतों से 90 फुट केबल चोरी कर ली गई।

## वाहन पंजीकरण गड़बड़ी मामले में प्रशासन की ओर से तेज हुई सुनवाई

# कार्रवाईः डीसी 18 को करेंगी अंतिम सुनवाई बर्खास्त हो सकते हैं एमएलसी ओपी सिहाग

- वाहन पंजीकरण गड़बड़ी मामले में निलंबित चल रहे एमएलसी ओमप्रकाश सिहाग को अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





फतेहाबाद। लघु सचिवालय। फोटो :हरिभूमि

वाहन पंजीकरण गड़बड़ी मामले में निलंबित चल रहे एमएलसी ओमप्रकाश सिहाग को उपायुक्त मनदीप कौर ने अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम मौका दिया है। उपायुक्त ने ओपी सिहाग को नोटिस जारी कर कहा कि वह 18 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा उनकी बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिए जाएंगे। बता दें कि उपायुक्त मनदीप कौर ने एमएलसी ओमप्रकाश सिहाग को इसी 21 जनवरी को नोटिस जारी किया था। इसके बाद डीसी के आदेशानुसार तहसीलदार ने 24 जनवरी को 'नोटिस ऑफ डिस्मिसल ऑफ सर्विस' को उसके बत्रा कालोनी स्थित घर के बाहर चस्पाया और इसकी वीडियोग्राफी भी करवाई गई। नोटिस में कहा गया था कि आरोपी इस मामले में 15 दिन में जवाब दाखिल करे। ओपी सरकार ने 4 फरवरी को ई-मेल के माध्यम से जवाब प्रस्तुत किया, जिसे उपायुक्त ने संतोषजनक नहीं माना। सोमवार 10 फरवरी को उपायुक्त द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि निलंबित लिपिक ओमप्रकाश सिहाग को हरियाणा सिविल सेवाएं नियमावली 2016 के नियमों के तहत राजकीय सेवा से पद्च्यूत करने से पूर्व न्याय के दृष्टिगत अपना पक्ष रखने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया था लेकिन आरोपी ने 4 फरवरी को ई-मेल में भेजे जवाब में कोई भी सुसंगत तर्क प्रस्तुत नहीं किया, जोकि उनके दिए गए जवाबों की सार्थकता को प्रमाणित करता हो। इसलिए जवाब को संतोषजनक नहीं माना गया। इसलिए 20 जनवरी को जारी 'नोटिस ऑफ डिस्मिसल ऑफ सर्विस' के अनुसार अंतिम कार्यवाही के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से निजी सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाता है। लिपिक ओपी सिहाग 18 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक डीसी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। इसके उपरांत उसे अपना पक्ष रखने के लिए कोई मौका नहीं दिया जाएगा। डीसी ने नोटिस में कहा है कि इसके बाद भी आरोपी क्लर्क निजी सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं होता तो यह समझा जाएगा कि वह इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता और उसके बाद एक तरफा कार्रवाई करते हुए उसे बर्खास्त कर दिया जाएगा। बता दें कि इससे पूर्व डीसी द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि 1 जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2020 तक मोटर व्हीकल ब्रांच के निरीक्षण में कई तरह की अनियमिताएं मिली है। इस मामले में 8 जून 2021 को तत्कालीन एमएलसी ओपी सिहाग के विरुद्ध चार्जशीट जारी की गई थी। इस मामले में तीन मुकदमें भी दर्ज हुए। उपायुक्त ने नोटिस जारी करते हुए कहा था कि संविधान के आर्टिकल 311 के तहत ऐसे कर्मचारी की बर्खास्तगी बनती है जिसका अपनी ड्यूटी के प्रति मिस कंडकट है।

### यह है पूरा मामला

*सीएम फ्लाइंग के डीएसपी की शिकायत पर 5 अप्रैल 2021 को पुलिस ने तीन पूर्व एसडीएम, दो क्लर्क सहित 8 लोगों पर धोखाधड़ी समेत अनेक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। उस दौरान मामले में तत्कालीन एसडीएम सतबीर जांगू, संजय बिश्नोई और सुरजीत नैन के साथ क्लर्क ओमप्रकाश सिहाग व पूर्व क्लर्क राजेश खटक शामिल थे। इसके अलावा तीन वाहन चालक बिहार के जिला रोहताश के गांव अकबरपुर निवासी आलम खान, फतेहाबाद के गांव कन्हेड़ी निवासी रमेश व डूल्ट निवासी भीम के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में बताया गया कि पूरी गड़बड़ी अधिकारियों ने वर्ष 2018 से लेकर 2020 तक की। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में सीएम फ्लाइंग से एसआई राजेश कुमार ने शिकायत में बताया कि कार्यालय उपमंडल अधिकारी, वाहन पंजीकरण अधिकारी फतेहाबाद में फर्जी दस्तावेज तैयार करके अन्य वाहन पंजीकरण अथॉरिटीज से हरियाणा राज्य की अन्य अथॉर्टी की एनओसी का प्रयोग करके व अन्य जिलों व राज्यों के रिहायशी मालिकों के नाम वाहन पंजीकरण किए गए। इन पंजीकरण में वाहन निरीक्षक से व्हीकल पासिंग की रिपोर्ट भी नहीं लगाई गई। जिनमें कई वाहनों के फर्जी दस्तावेज तैयार करके एसडीएम फतेहाबाद कार्यालय से पंजीकरण किया गया।*

### वर्ष 2022 में भी दर्ज हुआ था मामला

*वाहन पंजीकरण मामले में वर्ष 2022 में भी मामला दर्ज हुआ था। ये मामला हिसार के राजीव सरदाना की शिकायत पर दर्ज हुआ था। मामले में आरोप था कि 22 वाहनों के गलत तरीके से पंजीकरण किए गए हैं। हिसार की एक एजेंसी के बीएस टू के वाहन जिसमें अधिकतर स्कूटर थे, को वर्ष 2014 में कोर्ट ने सीज किया था और वर्ष 2018 में सीज खोल दी थी। इसके बाद इन वाहनों को बीएस दो की जगह बीएस 4 दिखा तथा वर्ष 2012 के मॉडल को वर्ष 2018 का दिखा फतेहाबाद से बाहर के लोगों के नाम पंजीकरण कर दिए गए थे। पंजीकरण के बाद एनओसी भी जारी कर दी गई।*

### पवन बनगांव बने ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन फतेहाबाद का के प्रधान

**फतेहाबाद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ब्लाक फतेहाबाद का तीसरा सम्मेलन भवन ऊधम सिंह भवन सीटू कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता पवन कुमार ने की व संचालन हरपाल सिंह ने किया। बैठक में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई वहीं ब्लाक फतेहाबाद कार्यकारिणी का भी चुनाव करवाया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला प्रधान बलवीर व सचिव बेगराज ने सरकार की सफाई कर्मचारी विरोधी नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जिला के तमाम सफाई कर्मचारी आज सरकार की उपेक्षा का शिकार हैं। पिछले 18 सालों से लगातार काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को रेगुलर कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल रहा।

### स्वीकार फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

**फतेहाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी फतेहाबाद और एमआर एसोसिएशन फतेहाबाद इकाई के सहयोग से स्वीकार फाउंडेशन फतेहाबाद द्वारा जाट धर्मशाला में चौथे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं सहित महिलाओं ने बढ़चढकर भाग लिया, इसमें कुल लगभग 30 यूनिट्स ब्लड एकत्रित किया गया। इस अवसर पर स्वीकार फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर संदीप छाबड़ा ने बताया कि स्वीकार फाउंडेशन समय समय पर सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेता रहा है, उनके द्वारा यह चौथा अवसर था।

## प्रदर्शन को लेकर रतिया से दिव्यांग दिल्ली रवाना

- जंतर-मंतर पर इकट्ठे होकर दिव्यांग करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। दिल्ली के लिए रवाना होते विकलांग अधिकार मंच के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

राष्ट्रीय विकलांग अधिकार मंच के आह्वान पर प्रदेशभर से विकलांगों ने दिल्ली में जंतर-मंतर पर इकट्ठे होकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भाग लेने के लिए रतिया से विकलांग अधिकार मंच के राज्य अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गोयल और कर्मजीत सिंह पदम के नेतृत्व में भारी संख्या में विकलांग दिल्ली के लिए रवाना हुए। सुरेंद्र गोयल ने बताया कि केंद्र सरकार विकलांगों को दी जाने वाली पेंशन में 2012 के बाद कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। विकलांग लगातार केन्द्र सरकार से पेंशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं और इसी मांग को लेकर विकलांग दिल्ली में एकजुट हुए हैं। विकलांग अधिकार मंच की मांग है कि महंगाई को देखते हुए केंद्र सरकार विकलांगों की 5 हजार और हरियाणा सरकार विकलांगों को 5 हजार की पेंशन दे। अगर सरकार विकलांगों को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी देती है तो वह पेंशन की बिल्कुल भी मांग नही करते। जिला प्रधान ने कहा कि आसमान छूती महंगाई ने विकलांगों के जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इस अवसर पर रतिया ब्लॉक उपाध्यक्ष अमरीक सिंह, रतिया ब्लॉक सचिव पपल कुमार, छिन्द्रपाल, बिकर सिंह, मंगत राम, राजेश कुमार, जसवंत सिंह, बलवंत सिंह, रांझा राम, अमनदीप कुमार लाली, टेकचंद आदि मौजूद रहे।

## शिक्षाधिकारी ने रखी स्कूली शौचालय के पत्थर की नींव

- भूमि पूजन के बाद स्कूल में करवाए गए विकास कार्यों से खुश होकर शिक्षाधिकारियों ने प्राचार्य वेद रोज की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखा में गांववासियों, स्कूल स्टाफ तथा पूर्व छात्रों द्वारा दिए गए दान से बनने वाले शौचालय का नींव पत्थर जिला शिक्षा अधिकारी वेद दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बूटा सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण वर्मा ने रखा। भूमि पूजन के बाद स्कूल में करवाए गए विकास कार्यों से खुश होकर शिक्षाधिकारियों ने प्राचार्य वेद रोज की प्रशंसा करते हुए कहा कि भरोखां स्कूल का सिरसा जिले में एक अलग ही रुतबा है। स्कूल का परिणाम हर बार सौ फीसदी आता है तथा खेलों में भी स्कूल अव्वल रहकर नाम चमका रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्राचार्य से कहा कि स्कूल के विकास के लिए विभाग की तरफ से कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने स्कूली स्टाफ को विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए अपना मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर गांव भरोखां के सरपंच भीम रोज, गांव भरोखां ढाणी के सरपंच मिल्खराज, एसएमसी प्रधान जनकराज, राजकीय प्राथमिक स्कूल भरोखां मुख्य शिक्षक सुरेंद्र कुमार, सविता दुग्गल, हसला प्रधान कुलदीप सिहाग, प्रवक्ता रणवीर सिंह, अनीता कंबोज, जितेंद्र गिरी, डॉ. सुशीला, डॉ. नीतू, रितु माहोर, राजविंद्र कौर, मनजिंद्र कौर, सुमनबाला, किरण, अनीशा मेहता, प्रवीण कुमार, डॉ. देव कंबोज बरुवाली, डॉ. ज्योति प्रीत, अमित कुमार, डॉ. अंकु, शंकरनाथ झा, सुषमा कंबोज, शर्मिला कंबोज, सोहनलाल, संतोष, दलजीत कौर, जयमल सिंह आदि अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## हरभगवान चावला के लघुकथा संग्रह वे परिंदे नहीं लौटते का हुआ लोकार्पण

- हरभगवान चावला की लघुकथाएं इस दारुण समय में करुणा का गान हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

संवेदनशील समाज का निर्माण ही लेखन का मुख्य दायित्व है और प्रो. हरभगवान चावला रचित साहित्य इस कसौटी पर खरा उतरता है। हरभगवान चावला का संपूर्ण साहित्य मानवीय सरोकारों और संवेदनशीलता से ओतप्रोत है। राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा में प्रगतिशील लेखक संघ, सिरसा द्वारा आयोजित पुस्तक लोकार्पण एवं रचना-पाठ कार्यक्रम में प्रलेस हरियाणा के महासचिव डॉ. हरविंद्र सिंह सिरसा ने प्रकट किए। उन्होंने हरभगवान चावला की रचनाओं के हवाले से कहा कि प्रो. चावला द्वारा रचित समूचा लेखन वर्तमान समय की चुनौतियों को समझने और इनसे निपटने के लिए समग्र चेतना प्रदान करने केलिए कारगर सिद्ध होता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रलेस हरियाणा के उपाध्यक्ष परमानंद शास्त्री ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि हरभगवान चावला की लघुकथाएं इस दारुण समय में करुणा का गान हैं। इस अवसर पर हरभगवान चावला ने अपनी सृजन प्रक्रिया व अपने लेखन की मनोभूमि से परिचित करवाते हुए वे परिंदे नहीं लौटते, लघुकथा संग्रह से दस लघुकथाओं का पाठ किया। इस लघुकथा संग्रह का स्वागत करते हुए मकबूल शायर एवं वरिष्ठ पत्रकार लाजपुष्प ने कहा कि चावला के लेखन में ग्रामीण परिवेश सांस लेता है।

## श्री श्याम बगीची धाम का तीसरा स्थापना महोत्सव

- तीसरे दिन हुआ श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। भजनों पर झूमते श्रद्धालुजन। फोटो :हरिभूमि

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर के तीसरे 12 दिवसीय स्थापना महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि 7 फरवरी से शुरु हुआ मंदिर का तीसरा स्थापना महोत्सव 18 फरवरी तक 12 दिन चलेगा। उन्होंने बताया कि बाबा श्याम का प्रतिदिन भव्य श्रृंगार जाता है। उन्होंने बताया कि भादरा से आए श्री श्याम कला मंडल के मुख्य पाठ वाचक संजय शर्मा, महेंद्र शर्मा (लक्खा), कुलदीप सर्राफ, गौरी शंकर द्वारा बाबा श्याम का संगीतमयी श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ का वाचन किया गया। साथ ही भजनों की प्रस्तुति दी गई। बाबा श्याम की पवित्र ज्योत प्रज्जवलित करने बाद पाठ का वाचन शुरु किया गया। उन्होंने भजन- सज-धज कर बैठयो सांवरियो मंद मंद मुस्कावै, नीला रे महानै श्याम से मिला दे, आ गया मैं दुनियादारी सारी छोड़ कै, कृपा कर बाबा कीर्तन करवाउंगा, घुंघटियो आड़ै आ गयो जी, बन ठन श्याम बैठा है दरबार में, नूण राई वारु मैं बाबा श्याम की नजर उतारु सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। पवन गर्ग ने बताया कि श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ रविवार सुबह सवा दस बजे आरंभ हुआ जिसका देर रात को समापन हुआ।

**कार्यक्रम** | नवनियुक्त एएसपी मयंक मुदगिल आईपीएस ने परेड का निरीक्षण कर परखी कानून व्यवस्था

## पुलिस लाइन डबवाली में जनरल परेड का आयोजन कर की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



अभ्यास में हिस्सा लेते पुलिस कर्मचारी।

पुलिस लाइन डबवाली में जनरल परेड का आयोजन किया गया। नवनियुक्त एएसपी मयंक मुदगिल आईपीएस ने परेड का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया तथा जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए परेड और दौड़ करवाई। पुलिस जिला डबवाली में कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर पुलिस लाइन में दंगा निरोधक पुलिस कंपनियों को मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान पुलिस बल को विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिससे जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह पुलिस बल हमेशा तैयार रहेगा। इस मॉक ड्रिल में उप पुलिस अधीक्षक व निरीक्षक स्तर के अधिकारियों से लेकर जिला पुलिस में तैनात सिपाही तक सभी को प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल के दौरान एएसपी मयंक मुदगिल ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि पुलिस कर्मचारियों की कार्यकुशलता को और अधिक बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान उन्होंने मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया और जहां भी कमी मिली, उसे दूर करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि जब जिले में किसी प्रकार का माहौल बिगड़ता है तो पुलिस कर्मचारियों के पास प्रशिक्षण का अभ्यास न होने के कारण समय पर दंगा नहीं रोक पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कई बार पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षण के बाद इसका अभ्यास करने का मौका नहीं मिलता। इसलिए समय-समय पर इस तरह की प्रशिक्षण आयोजित की जाती है ताकि पुलिस कर्मचारी अपनी सीखी हुई बातें न भूलें। इस मॉक ड्रिल में पुलिस कर्मचारियों को भीड़ को तितर-बितर करने व दंगा निरोधक गतिविधियों पर कैसे काबू पाया जाए, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों को आंसू गैस के गोले छोडऩा व भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कैनिस्टर व डंडे के साथ अभ्यास करवाया गया।

हरिभूमि सहेली

वैलेंटाइन-डे स्पेशल



स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत व्यापक हैं। उसके प्रेम का अर्थ सिर्फ रूमानी नहीं होता। स्त्री का एक अलग ही प्रेममय संसार है। इसमें वह प्रेम को वृहद रूप में जीती है। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, अपनों की खुशी। वह इसी खुशी में ही अपनी खुशी मानती है। वैलेंटाइन-डे पर स्त्रियों के नजरिए से प्रेम की व्याख्या।

# प्रेम के सार्थक भाव को जीती स्त्रियां

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार से लेकर अपनी सहेलियों और आस-पड़ोस तक, स्त्रियां प्रेम के सार्थक भाव को जीती हैं। साथ ही वे स्नेह और जुड़ाव की बुनियाद पर सही मायने में प्रेममयी जीवन का ठिकाना बनाती हैं। व्यावहारिक समझ के साथ अपने परिवेश में प्रेम को पोसती हैं। जरूरत के समय किसी बच्चे-बुजुर्ग की मदद करने की बात हो या पीड़ा के दौर में अपनों का साथ देने की बात, प्रेम से अपनी भूमिका निभाती हैं। उत्सवीय परिवेश में साझी खुशियां मनाते हुए नेह उड़ेलने वाला व्यवहार हो या परंपरागत आयोजनों में किसी सहेली का साथ देने के लिए डट जाने का पहलू, स्त्रियों का प्रेम साथ देने में झलकता है। उनका प्रेम किसी की मनोदशा को जानकर हाथ थाम लेने में नजर आता है। जीवनसाथी हो या परिजन, भावनाओं को समझने और सम्मान देने में प्रतिबिंबित होता है, स्त्रियों का प्रेम-स्नेह।

## जीवन की ऊर्जा-प्रेम

यूं तो प्रेमपगा जुड़ाव हर इंसान के मन-जीवन के लिए संजीवनी-सा होता है, लेकिन स्त्रियां स्नेहमयी साथ को ज्यादा अहमियत देती हैं। प्रेम हर स्त्री के जीवन में बहुत मायने रखता है। भावनाओं की बुनियाद पर अपनों-परायों से जुड़ने वाली स्त्रियां, मन की गहराई से प्यार को समझती हैं। जज्बाती आधार से जुड़ना जानती हैं। खुद को मिले स्नेह-साथ का सम्मान करती हैं। यही वजह है कि उनका भावुक मन भी प्रेमपगे भाव-चाव की खूब चाहत रखता है। एक ओर अपने साथी संग मन की बात करना, स्त्रियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा जुटाने जैसा होता है तो दूसरी ओर साथी के दिल का हाल जानना भी उन्हें सुकून देता है।

स्त्रियों के लिए प्यार जिंदगी को भावपूर्ण लगाव से सींचने वाली नेमत होता है। वे जीवन की इस अंतरंग साझेदारी में निःस्वार्थ भाव से प्रेम जताने और निभाने की राह चुनती हैं। यही कारण है कि स्त्रियां जीवन के हर उतार-चढ़ाव में अपने जीवन साथी को हिम्मत दे पाती हैं। प्रेमपगे समर्पण की यही सोच हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामे हुए है। आस-पड़ोस को जोड़ने वाली सुंदर कड़ी बनी हुई है। स्त्रीमन के स्नेहपूरित एहसास ही समाज के रंग, सजीव रखने का माध्यम बने हुए हैं।

## प्रेम का सार्थक भाव

प्यार किसी की अनुभूतियों को समझना भर नहीं है। आपसी सहजता और स्नेह बनाए रखने के लिए सामने वाले इंसान की भावनाओं का मान करना भी जरूरी है। प्रेम, त्याग और समर्पण मांगता है। संवेदनशील और सार्थक भावों को मन में स्थान देकर ही प्यार की राह पर चलने वाले हमसफर, साथ को जीने का सही अर्थ समझते हैं। समर्पण के धरातल पर ही सम्मान देने की सोच पनपती है। मनुहार, मान और मन की सुनने-समझने का यह पहलू हर रिश्ते के लिए प्राणवायु सा होता है। देखने में आता है कि स्त्रियां प्रेम के इस जीवंत भाव को न केवल समझती हैं बल्कि जीती भी हैं। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में ह्यूमन डेवलपमेंट के प्रोफेसर डॉ. रॉबर्ट जे. स्टर्नबर्ग के मुताबिक, 'अपने मनोभावों को दूसरे इंसान के साथ शेयर कर पाने और जरूरत पड़ने पर भावनात्मक सपोर्ट देने और पाने का जुड़ाव ही सच्चा प्यार होता है। संघर्ष और जिंदगी की उथल-पुथल के दौर में किसी के साथ होने पर भरोसा महसूस हो तो यह भावनात्मक तौर पर जुड़े होने का संकेत है। साथ ही अगर खुद से पहले किसी दूसरे की खुशी की चाहत मन में हो तो निश्चित तौर पर यह प्रेम है। पूरी दुनिया में हमेशा से ही माताएं इस तरह के महत्वपूर्ण और मानवीय व्यवहार के लिए जानी जाती हैं।' मानवीय मन के अध्ययन से जुड़ी यह बात स्त्री-मन के नेह भरे पक्ष से मिलवाती है, जो प्रेम का सबसे सुंदर और सार्थक पहलू है।





## प्रेम के शाश्वत मूल्य बने रहें

प्रेम के भाव-चाव वक्त के साथ नहीं बदलते। एक दूजे संग मन से जुड़ने की यह रीत एक प्यारी परंपरा सी है। निःस्वार्थ अनुभूतियों से सींचित प्यार सदा से ही स्वार्थ साधने की सोच से परे रहा है। इसीलिए दिली धरातल पर जुड़े अहसास कभी अपने रंग-ढंग नहीं बदलते। प्रेम करने वाले दिल में नकारात्मक भाव जगह नहीं बना पाते। प्रेम के शाश्वत मूल्य यूं भी सहेजने योग्य ही हैं। प्रेम को पोसने वाली इन मान्यनाओं में चाहे आपसी संवाद की बात हो या भावनात्मक अंतरंगता की, इन स्नेहपगे मूल्यों से ही संसार में मानवीय जुड़ाव भी कायम है। लाख दुश्वारियों के बावजूद एक-दूजे को सम्मान, सुरक्षा और स्नेह देना ही तो प्रेम है। प्रेम की शुरुआत एक-दूसरे पर विश्वास के साथ ही होती है। भरोसे के बल पर ही यह गठजोड़ विस्तार पाता है। अपनत्व का यह सूत्र जीवन के हर पहलू पर एक प्यारी साझेदारी की बुनियाद बनाता है। साझे लक्ष्यों को पाने की यात्रा में आपसी सम्मान, आत्मीयता और प्रतिबद्धता जैसे मूल्य, हर रिश्ते में बहुत मायने रखते हैं। ऐसे स्नेह भरे शाश्वत मूल्य परिवार को भावनात्मक रूप से जोड़कर रखते हैं। समाज में सकारात्मकता बढ़ाते हैं। सदा प्रासंगिक रहने वाले मूल्यों को सहेजते इस प्रेमपगे जुड़ाव का यह सबसे प्यारा पहलू है।

## महिला-मन की चाहत

हमारे घरों में स्त्री-मन के भावनात्मक पहलू को समझने का भाव आज भी नदारद है। उनके प्रति जिम्मेदारी तो निभाई जाती है पर जज्बाती जुड़ाव कम दिखता है, उनके अपनों द्वारा कभी भी खुलकर प्यार नहीं जताया जाता। जबकि हर स्त्री प्यार के बदले ढेर सारा प्यार चाहती है। हर रिश्ते में खुलकर प्रेम जताने वाली स्त्रियां अपने लिए भी प्रेमपगे अहसासों की अभिव्यक्ति की उम्मीद रखती हैं। मौजूदा दौर की सजग सशक्त स्त्रियां भी प्यार के प्रति समर्पण और निष्ठा का भाव रखती हैं। ऐसे ही आत्मीय जुड़ाव की आशा भी रखती हैं। सी. एस. लुइस के मुताबिक, 'हमारे जीवन में जो भी दृढ़ और स्थायी खुशी है, उसके लिए नब्बे प्रतिशत प्रेम ही उत्तरदायी है।' महिलाओं से जुड़े सभी रिश्तों को भी समझना चाहिए कि उनका मन भी प्रेमपगे भावों को जीना चाहता है। खासकर जीवनयात्रा में अपने पार्टनर से स्नेह-सत्कार जताने की उम्मीद तो हर महिला को होती ही है।

# सेलिब्रेट करें अपना प्यार

वैलेंटाइन-डे आए और हसबैंड-वाइफ इसे सेलिब्रेट न करें, यह कैसे हो सकता है। जरूरी नहीं इसके लिए आप बहुत बड़े स्तर पर कुछ प्लान करें, आप घर पर ही या बाहर जाकर भी छोटे स्तर पर वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट कर सकती हैं। अपने दांपत्य जीवन में और मधुरता लाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

मैरिड लाइफ

पूर्ति खरे



दांपत्य एक ऐसा रिश्ता है, जो प्यार, विश्वास, समर्पण और आपसी समझ से मजबूत होता है। हालांकि इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए और भी तरीके हैं, लेकिन हमेशा इस रिश्ते की धुरी प्रेम ही माना गया है। पति-पत्नी जॉब के कारण कितने भी दूर अलग-अलग शहर में रह रहे हों, लेकिन वे एक-दूसरे के साथ दिल से जुड़े रहते हैं। इस संदर्भ में यह भी समझना चाहिए कि विवाह एक ऐसा बंधन है, जो बिना प्यार के संभव ही नहीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली के चलते इस रिश्ते के बीच कहीं न कहीं प्यार अपनी सुप्तावस्था में चला जाता है। एक लंबे दांपत्य जीवन के बाद भी कई पति-पत्नी के बीच यही शिकायत रहती है कि उनके बीच का प्यार अब पहले जैसा नहीं रहा। लेकिन हकीकत इससे जुदा होती है, क्योंकि असल में प्यार कभी नहीं बदलता, बस बदलते हैं तो उसको बयां करने के अंदाज। खैर, आपका तरीका जो भी हो,लेकिन प्यार के इस मौसम में अपने साथी के प्रति जो भी भाव आप रखती हैं, उसे अभिव्यक्त जरूर कीजिए। आपके इस भाव को बयां करने के लिए वैलेंटाइन-डे एक खास मौका है, जो प्यार-रोमांस को समर्पित है। इसे कैसे मनाएं, जरूर जानिए-



**बाहर घूमने जाएं:** अगर संभव हो तो आप अपने साथी के साथ बाहर किसी ऐसी एकांत और सुहावनी जगह पर जाएं, जहां आप दोनों एक-दूसरे को अपना भरपूर समय दे सकें। हो सके तो एक रोमांटिक डेट को अरेंज करें। इसके लिए आप किसी सुंदर पार्क में पिकनिक मना सकती हैं या एक रोमांटिक रेस्तरां में डिनर कर सकती हैं। आप चाहें तो सिनेमा हॉल में एक साथ कोई रोमांटिक फिल्म भी देख सकती हैं। इससे आपको एक रोमांटिक माहौल मिलेगा या फिर किसी डांस स्टूडियो में जाएं और एक साथ डांस करें। इससे आपको करीब आने का मौका मिलेगा।

**शादी की तस्वीरें या वीडियो देखें:** आप अपने पार्टनर के साथ शादी की तस्वीरें देखकर या वीडियो देखकर शादी के पल याद कर सकती हैं। याद रखें, शादी हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल होते हैं, उन पलों को हम दुबारा जी तो नहीं सकते, लेकिन तस्वीरों और वीडियोज में कैद उन पलों को देखते हुए हम उन पलों की स्मृतियां फिर बटोर जरूर सकते हैं।

**घर पर रोमांटिक डिनर:** अगर आप या आपके पार्टनर बाहर नहीं जा सकते या आप घर के बच्चों या बड़ों के कारण घर से बाहर जाने में संकोच कर रही हैं तो आप घर पर ही एक रोमांटिक डिनर अरेंज करें। अपने पसंदीदा व्यंजन बनाएं, उन्हें सुंदर तरीके से परोसें। आप कैंडललाइट डिनर भी कर सकती हैं। साथ ही फूलों से घर को सजाएं। इससे आपको घर में एक रोमांटिक और खुशनुमा माहौल मिलेगा।

**लव लैटर या लव कार्ड:** यह तरीका आपको थोड़ा ओल्ड लग सकता है, लेकिन यकीन मानिए अपने हाथों से लिखे गए प्यार के अल्फाज हमेशा जुदा अहसास कराते हैं। यह बहुत मजेदार आइडिया है, आजमा कर तो देखिए, एक-दूसरे को लव लैटर लिखिए। इससे आपको अपने प्यार को व्यक्त करने का मौका मिलेगा और पढ़ने वाले को यह प्यार से भर देगा। आप यदि लव लैटर लिखने में संकोच कर रही हैं तो एक थॉट्सफुल कार्ड भी पार्टनर को खरीद कर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में इस तरह के गिफ्ट भी मिलते हैं, जो आपके प्यार को बयां करते हैं।

यह जान लीजिए कि प्यार करने का अंदाज कोई भी हो, बस आपके प्यार में प्यार होना चाहिए। यहां बताए गए आइडियाज को अपनाकर आप अपने वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकती हैं, अपने दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रख सकती हैं। हैप्पी वैलेंटाइन-डे!

# इस लव-डे पर आप दिखें सबसे लवली-ब्यूटीफुल

मेकअप

विधि गोयल

आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप सबसे प्यारी और खूबसूरत नजर आना चाहेंगी। इसके लिए जरूरी है कि मेकअप सही तरीके से किया जाए। यहां आपको बता रहे हैं, परफेक्ट मेकअप करने के तरीके के बारे में।

**प्राइमर:** मेकअप की शुरुआत अपने चेहरे पर प्राइमर अप्लाई करने से करें। मेकअप करने से पहले प्राइमर लगाने से मेकअप को एक अच्छा बेस मिलता है और मेकअप ज्यादा देर तक टिका भी रहता है।

**फाउंडेशन:** प्राइमर लगाने के बाद अपने चेहरे पर लाइट फाउंडेशन या बीबी-सीसी क्रीम अप्लाई करें। मेकअप ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से फाउंडेशन को अच्छी तरह ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि बहुत हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें, वरना फेस केकी लगने लगेगा।



**कंसीलर-कॉम्पैक्ट पावडर:** अगर आपके चेहरे पर डार्क सर्कल्स, पिंपल्स या फाइन लाइंस नजर आती हैं, तो कंसीलर भी जरूर लगाएं। ध्यान रखें कि हमेशा ऐसा कंसीलर इस्तेमाल करें, जो आपके स्किन टोन से एक शेड लाइटर हो। कंसीलर का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं जगहों पर करें, जहां इसकी जरूरत हो। चेहरे की अच्छी तरह से क्लींजिंग करके मॉयश्चराइज करें। फिर स्किन टाइप के अनुसार कंसीलर और फाउंडेशन लगाएं और मैट कॉम्पैक्ट से मेकअप को लॉक करें। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो फेस पावडर लगाने की जरूरत नहीं है। हल्का फाउंडेशन ही काफी है।

**ब्लश से पाएं पिंकिश टोन:** प्यार के रंग से रंगे इस खास दिन अपने गालों पर ब्लश भी जरूर लगाएं। लाइट पिंक कलर का ब्लशर आपके चेहरे को और भी निखार देगा। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करें और अगर आपकी ऑयली स्किन है तो पावडर ब्लश का इस्तेमाल करें।

**आई मेकअप:** आंखों की खूबसूरती को निखारने के लिए आप आई मेकअप में कुछ अलग ढंग से करें। आंखों की पलकों में अपनी ड्रेस से मैचिंग आईशैडो लगाएं। आईलाइनर और काजल की एक पतली कोट लगाएं। आई लैशेज को ग्लैमरस दिखाने के लिए पलकों के ऊपर और नीचे दोनों तरफ से उभार देते हुए मस्कारा लगाएं।

**ग्लिटरी ग्लैम लुक:** नाइट पार्टी के लिए ग्लिटरी ग्लैम लुक मेकअप भी कर सकती हैं। ऐसे लुक के लिए आप बेस मेकअप को ड्युई लुक दें। साथ ही आप ब्लश और हाइलाइटर के लिए लिक्विड या क्रीम प्रोडक्ट्स को चुनें। इसके अलावा आप लिप्स के लिए भी ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

# गिफ्ट हो ऐसा जिसमें झलके आपका प्यार

वैलेंटाइन-डे के अवसर पर गिफ्ट देना प्यार जताने का एक बेहतरीन तरीका होता है। आप भी अपने लव/लाइफ पार्टनर को इस मौके पर कुछ खास गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। जानिए, गिफ्ट देने के कुछ यूनीक आइडियाज।

फीलिंग्स

श्रुति आयंगर

जब मौका हो वैलेंटाइन-डे का तो आप जरूर अपने लव/लाइफ पार्टनर को प्यारा सा गिफ्ट देकर अपनी फीलिंग्स उनके सामने प्रकट करना चाहेंगी। प्यार का इजहार करना हो या प्यार को और भी प्रगाढ़ करना हो तो इसके लिए लव कपल्स एक-दूसरे को गिफ्ट देना पसंद करते हैं। अगर आपने अपने वैलेंटाइन के लिए अभी तक कोई गिफ्ट सेलेक्ट नहीं किया है, तो यहां बताए जा रहे, गिफ्ट आइडियाज पर गौर कर सकती हैं।


**फोटो फ्रेम विद म्यूजिक:** गिफ्ट के तौर पर फोटो फ्रेम देना काफी अच्छा ऑप्शन माना जाता है। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर को वैलेंटाइन-डे पर कुछ स्पेशल गिफ्ट देना चाहती हैं तो उन्हें प्लेन फोटो फ्रेम देने की बजाय, फोटो फ्रेम विद म्यूजिक दे सकती हैं। इस फ्रेम की खासियत यह होती है कि यह फ्रेम ग्लास का बना होता है और इसमें आप जो भी गाना सेलेक्ट करती हैं, उसे इस फ्रेम में कस्टमाइज करवा सकती हैं। इसमें स्पेशल क्यूआर कोड की सुविधा होती है। आप इस कोड की मदद से अपने पार्टनर को अपना सेलेक्ट किया गाना सुनवा भी सकती हैं। यह गिफ्ट बेहद यूनीक लगता है। इसमें आप अपने पार्टनर के साथ की फोटो का कोलाज बनाकर भी एड करवा सकती हैं।





**चॉकलेट बुके विद हैंपर:** वैलेंटाइन-डे जैसे मौके पर चॉकलेट्स गिफ्ट करने का काफी ट्रेंड है। आप भी चाहें तो इस अवसर पर अपने पार्टनर को चॉकलेट्स हैंपर या चॉकलेट बुके गिफ्ट कर सकती हैं। इसमें आप उनकी पसंद की चॉकलेट्स का हैंपर या बुके बनवा सकती हैं। चॉकलेट के साथ में छोटे-छोटे फूल, टेडीबियर, लव कोट्स लिखा एक कार्ड भी लगवा सकती हैं। अगर उन्हें केक पसंद है तो वो भी इसके साथ दे सकती हैं। इसके अलावा आप चॉकलेट्स से भरा हुआ एक सरप्राइज एक्सप्लोजन बॉक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल ये काफी ट्रेंड में है।

**हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स:** ऐसे स्पेशल डेज पर हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट देना न केवल आपके साथी को खुशी देता है बल्कि ये आपके बीच के प्यार को भी और गहरा बनाता है। इस वैलेंटाइन-डे पर अपने प्यार को, एक यादगार तोहफे के रूप में पर्सनलाइज्ड-हैंडमेड गिफ्ट देकर इसे खास बना सकती हैं। आप अपने पार्टनर के लिए अपने हाथों से बने क्राफ्ट बेस ग्रीटिंग कार्ड, हाथ से लिखे लव लेटर या कविता, अपने हाथों से बना स्कार्फ, किसी कपड़े या रुमाल में कढ़ाई करके उनको गिफ्ट कर सकती हैं। माना ये तरीके पुराने हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड मग, पर्सनलाइज्ड ज्वेलरी, कस्टमाइज्ड कुशन कवर, कस्टमाइज्ड वॉल आर्ट और अपने पार्टनर के लिए प्यारा-सा पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज भी भेज सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह का गिफ्ट पाकर आपके पार्टनर के मन में आपके प्रति प्यार और गहरा हो जाएगा।




**गिफ्ट हैंपर:** वैलेंटाइन-डे को देखते हुए, इन दिनों मार्केट में कई तरह के गिफ्ट हैंपर मिल रहे हैं। आप भी चाहें तो वैलेंटाइन-डे पर अपने पार्टनर को इनमें से कोई गिफ्ट हैंपर सेलेक्ट कर दे सकती हैं। इसमें आप उनका पसंदीदा परफ्यूम, चेन, रिंग, वॉलेट, वॉच, ज्वेलरी प्रेजेंट कर सकती हैं। आप ऑनलाइन भी ऑर्डर करवा सकती हैं।

# अकेले हैं तो क्या गम है...

अगर हाल में आपका ब्रेकअप हुआ है, अब इस साल आपका पार्टनर आपके साथ वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करने के लिए नहीं है तो आप उदास, मायूस मत होइए। आप सिंगल ही वैलेंटाइन-डे मना सकती हैं। आपके आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जो आपके साथ प्यार बांट सकते हैं, खुशियां मना सकते हैं।

एडवाइस

नम्रता नदीम

इस बार वैलेंटाइन-डे पर बहुत से ऐसे लोग होंगे, जो हाल ही में अपने टॉक्सिक रिश्तों से बाहर आए होंगे। कुछ समय पहले जिनका ब्रेकअप हुआ होगा और अब किसी के साथ रिलेशनशिप में आने की कल्पना मात्र से ही परेशान होंगे। उन्हें रह-रहकर पिछले साल अपने पार्टनर के साथ मनाए गए वैलेंटाइन-डे की यादें विचलित कर रही होंगी। लेकिन ऐसे लोगों के लिए सिर्फ यही कहा जा सकता है कि 'अकेले हैं तो क्या गम है, चाहे तो हमारे बस में क्या नहीं।' इन लोगों को स्थितियां और परिस्थितियां ही अब अपने आप से प्यार करने की जरूरत समझाएंगी। अब इनके लिए वो दिन बीत गए जब ये रिलेशनशिप में थे, किसी और के लिए तैयार होकर डेट पर जाते थे।

**अब खुद को करना है पैंपर:** इस बात को समझें कि अब खुद से ही खुद को पेंपर करना है। प्यार के इस खास दिन के लिए अपने आपको घर के किसी कमरे में बंद करके सैड सॉन्ग सुनने की बजाय क्यों न इस बार वैलेंटाइन-डे खुद के साथ ही सेलिब्रेट करें, क्योंकि किसी ने बिल्कुल सही ही तो कहा है, सेल्फ लव इज अल्टीमेट लव।

**खुद को दें पार्टी या बनाएं फेवरेट डिश:** अगर आप सिंगल हैं और इस बार अपना वैलेंटाइन-डे भी मनाना चाहती हैं तो जरूरी नहीं कि बाहर लंच या डिनर के लिए आपका पार्टनर आपके साथ हो। आप अकेले भी जाकर खुद को पार्टी दे सकती हैं। घर पर रहकर बोर होने और ब्रेकअप का मातम मनाने की बजाय अपने दूसरे सिंगल दोस्त से घर या ऑफिस के बाद मिलें और उसके या अपने घर में अपनी फेवरेट डिश बनाएं। अपने मम्मी-पापा या ग्रैंड पैरेंट्स के साथ मौज-मस्ती करें। इससे आपको ही नहीं, उनको भी अच्छा लगेगा। अगर आपके कई सिंगल दोस्त हैं तो सब लोग मिलकर पार्टी करें, सब कहीं बाहर जाकर भी लंच या डिनर में अपने सिंगलहुड को एंज्वॉय कर सकती हैं।



**दूसरों का दुख-दर्द बांटें:** मनोविदों की मानें तो जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं तो इससे हमें अपार खुशी मिलती है। यह जरूरी नहीं कि ये दूसरे लोग हमारे बहुत करीबी ही हों। इस दिन किसी वृद्ध आश्रम या अनाथालय में जाकर बुजुर्गों और बच्चों को खाने की कुछ चीजें दें। बुजुर्गों के दुख-दर्द सुनें और उनके साथ बातें करें। घर-परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ मिलकर गरीब बच्चों के लिए खाना बनाकर खिलाएं। ऐसी एक्टिविटीज से सिंगल होने का दुख नहीं सताता और दूसरों को भी खुशी मिलती है।

**सेल्फ डेट प्लान करें:** जिनका हालिया ब्रेकअप हुआ है, पिछले वैलेंटाइन-डे पर वह अपने डेट के साथ कौन-सी खूबसूरत ड्रेस पहनकर गई थीं, इस दिन को खूब एंज्वॉय किया था, अब उन्हें इसकी अगर याद सताए तो इस तरह के हैंगओवर से भी बाहर आना जरूरी है। खुद के साथ सेल्फ डेट प्लान करें। वैलेंटाइन-डे के लिए ऐसी मनचाही सुंदर ड्रेस खरीदें, जिसे आप कई दिनों से खरीदने की सोच रही हैं। इस ड्रेस को पहनकर अपने किसी खास दोस्त से मिलें और खुद को ही यह साबित कर दें कि वैलेंटाइन-डे खुद के साथ भी मनाया जा सकता है।

## मम्मी-पापा के साथ मनाएं वैलेंटाइन-डे



**क्या हुआ** जो पिछले साल आपने रिलेशनशिप में रहते हुए, जिसे हद से ज्यादा प्यार किया था, उसके साथ एक मेमोरेबल वैलेंटाइन-डे मनाया था! क्या हुआ अगर उसकी याद भर बाकी है। उस टॉक्सिक व्यक्ति के साथ मनाए गए उस वैलेंटाइन-डे को भूल जाइए और उससे ब्रेकअप करने को अपने भविष्य के लिए बेहद जरूरी समझते हुए उसकी यादों से भी बाहर आ जाइए। इस बार का वैलेंटाइन-डे मम्मी-पापा के साथ मनाएं। पैरेंट्स के ऊपर अपने प्यार की बौछार करके तो देखें, उनके साथ छुट्टी लेकर पूरा दिन बिताएं। उनके साथ लंच-डिनर करें। माता-पिता से अच्छा वैलेंटाइन-डे पार्टनर भला और कौन हो सकता है!

## खबर संक्षेप

### घर से सिलेंडर चुराने का आरोपी काबू

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने थेहड़ मोहल्ला, सिरसा क्षेत्र में रसोई घर से सिलेंडर चोरी करने के मामले में एक युवक को सब्जी मंडी क्षेत्र से काबू किया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अजय कुमार उर्फ काकू पुत्र पवन कुमार निवासी थेहड़ मोहल्ला, सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि संजू पत्नी सोनू निवासी थेहड़ मौहल्ला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 6 फरवरी की रात को उनके रसोई घर से कोई अज्ञात युवक गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया।

### पोस्टर मेकिंग में मानसी और तमन्ना रही प्रथम

**सिरसा।** विश्व आद्रभूमि दिवस के उपलक्ष में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में 7 फरवरी को आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सिरसा जिले के विभिन्न महाविद्यालय में भाग लिया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि भूगोल विभाग के अध्यक्ष रोहताश के सानिध्य में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मानसी और तमन्ना ने विश्व आद्रभूमि दिवस के संरक्षण से संबंधित पोस्टर बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### क्रेसण्ट स्कूल में मनाया गया विश्व दलहन दिवस

**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में दालें : कृषि खाद्य प्रणालियों में विविधता लाना थीम के साथ विश्व दलहन दिवस मनाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वस्थ आहार में दलहनों के महत्व का वर्णन करना था। छात्रा कुह के मंच संचालन में काव्या, केसर व अंशिका ने अपने-अपने सुविचारों के माध्यम से बताया कि एक स्थायी आहार की धडक़न दलहन हैं। खेत से थाली तक, दलहन हमें जोड़ते हैं। कार्तिक एवं स्मायरा ने अपने-अपने सुव्याख्यानों के माध्यम से दालों से पोषण व अच्छे स्वास्थ्य का वर्णन किया। प्रणवी, हर्षवर्धन एवं पिहु ने विश्व दलहन दिवस, दाल है हमारी सेहत का खजाना, स्वाद भी इसका करे दीवाना कविताओं का सुस्वर वाचन किया।

### हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान शूरू

**सिरसा।** आयुष विभाग व हरियाणा आयोग की तरफ से तीसरा राज्य सक्रिय हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान का आरंभ किया गया है। विभाग की तरफ से जिले भर के स्कूल, कॉलेज, आंगनवाड़ी तथा सार्वजनिक स्थानों पर इसका आरंभ किया गया। विभाग ने 12 जनवरी से 12 फरवरी तक एक लाख लोगों को जोडऩे का लक्ष्य रखा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार गंढा व जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्र पाल नागर ने बताया कि जिले के सभी योग सहायकों की तरफ से 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से लेकर 12 फरवरी स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती तक हर घर सूर्य नमस्कार अभियान को चलाया जा रहा है जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण का कार्य भी किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी आयुष योग सहायकों ने अब तक लगभग 130000 से अधिक पंजीकरण किए हैं। सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभ के बारे में बताया।

### अतिक्रमण पर कार्रवाई के दौरान आस-पास के दुकानदारों में मची रही खलबली

# नगरपरिषद ने मुख्य बाजारों से हटवाया अतिक्रमण, दुकानदारों ने किया विरोध





**फतेहाबाद।** अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते नगरपरिषद कर्मचारी।

### नगर परिषद द्वारा फिर से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नगर परिषद द्वारा फिर से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। शहर के मुख्य बाजारों में दुकानों के आगे रखे सामान व होर्डिंग्स को नगरपरिषद कर्मचारियों ने उठाकर अपने कब्जे में ले लिया। सोमवार को चलाए गए इस अभियान का कुछ दुकानदारों ने खासा विरोध किया। नगरपरिषद कर्मचारियों का कहना था कि पिछले कई दिनों से रेहड़ी चालकों व दुकानदारों को साफ चेतावनी दे रखी है कि कोई भी सडक़ पर अवैध रूप से अतिक्रमण करेगा, उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा। इसके बावजूद लोग दुकानों के आगे सामान रखने से बाज नहीं आ रहे, यही कारण है कि बाजारें संकरी हो रही हैं और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व सफाई निरीक्षक राहुल व महेश कुमार ने की। बता दें कि कुछ दिन पूर्व रेहड़ी चालकों ने अतिक्रमण हटाने का विरोध किया था और ईओ से भी मिले थे। ईओ ने रेहड़ी चालकों से दो टूक कह दिया था कि किसी भी रेहड़ी चालक को कहीं भी खड़ा रहने की इजाजत नहीं दी जाएगी। सोमवार को नगरपरिषद की टीम ने पुराना बस स्टैंड के पास, थाना रोड, महाराजा अग्रसेन चौक, चार मरला कॉलोनी, जवाहर चौक में दुकानों के आगे रखे सामान को हटवाया। इस दौरान दर्जनों दुकानों का सामान जब्त किया। नगर परिषद के एसआई राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम पहले पुराना बस स्टैंड के पास पहुंची। यहां पर लगाई गई रेहड़ियों को हटवाया गया। इसके बाद टीम महाराजा अग्रसेन चौक पर पहुंची और यहां पर लगी रेहड़ियों को हटवाया। इसके बाद टीम ने थाना रोड पर दुकानों के आगे रखे सामान को हटवाया। कई दुकानदारों ने काफी जगह तक सामान रखा हुआ था, जिसे जब्त कर लिया। मल्टीपर्पज पार्किंग के आगे लगी रेहड़ियों को भी टीम द्वारा हटवाया गया। टीम की इस कार्रवाई के दौरान रेहड़ी संचालकों और दुकानदारों में खलबली मची रही।

#### हंस मार्केट में अभियान का मिला फायदा

नगर परिषद द्वारा हंस मार्केट में 15 दिन पहले सख्ती से अभियान चलाया गया था। यहां दुकानों के आगे रखे सामान और रेहड़ियों को जब्त कर लिया था। टीम की सख्ती के बाद फिलहाल सुबह से शाम तक रेहड़ियां नहीं लग रही है। शाम बाद रात को यहां पर सब्जी की रेहड़ियां लगाई जा रही हैं। हालांकि कुछ फल विक्रेताओं ने दोबारा से अपने पुराने अड्डों पर स्थाई रेहड़ियां लगानी शुरू कर दी हैं। इसी के तहत सोमवार को एसआई राहुल के नेतृत्व में थाना रोड पर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी। यहां पर कुछ दुकानदारों व कर्मचारियों के बीस बहस हो गई। टीम की इस कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में हडक़ंप की स्थिति रही।

## ट्रक से बैटरी चुराने में एक और आरोपी काबू

- पुलिस ने ट्रक चालक की शिकायत पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर थाना पुलिस ने ऑटो मार्केट सिरसा क्षेत्र में खड़े ट्रक की बैटरी चोरी करने के मामले में एक और आरोपी युवक को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान सुरजीत सिंह पुत्र लखविंद्र सिंह निवासी आलुपुर, सरदूलगढ़ हाल कीर्ति नगर सिरसा के रुप में हूई है। उन्होंने बताया कि मनप्रीत सिह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी कीर्ति नगर सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 21 जनवरी को वह अपने ट्रक को ऑटो मार्केट में सर्विस सेंटर के पास खाली पड़ी जगह में खड़ा करके घर चला गया था। जब 5 फरवरी को आकर चेक किया तो पता चला कि गाड़ी की बैटरी कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर थाना शहर में बीती 6 फरवरी को बैटरी चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। गौरतलब है कि इस संबंध में रोहित कुमार उर्फ सन्नी पुत्र रामजी दास निवासी गली नंबर 6 भारत नगर, सिरसा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर वारदात में चोरी की गई बैटरी बरामद कर चूकी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेजा गया है।

## घर से आभूषण चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर थाना पुलिस ने गश्त तथा चैकिंग के दौरान बीती 8 फरवरी को शहर थाना क्षेत्र के पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक घर से हुई सोने-चांदी के आभूषण चोरी की वारदात को सुलझाते हुए आरोपी को काबू कर लिया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विशाल उर्फ भोला पुत्र दलीप सिंह निवासी संजय कॉलोनी, सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुरानी हाऊसिंग बोर्ड निवासी भजन लाल पुत्र हरकिशन लाल ने दी शिकायत में बताया था कि बीती 8 फरवरी को परिवार सहित किसी काम से बाहर गए हुए थे। जब वापस घर आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ मिला, घर का सामान चैक करने पर पता चला कि एक सोने की अंगुठी, दो कान के टोपस, एक चांदी की चेन कोई नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया था। उन्होंने बताया कि शहर थाना की एक पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सी-ब्लॉक सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

## प्रधान पद को लेकर कृष्ण कुमार ने किया जनसम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

स्वर्णकार सभा फतेहाबाद के प्रधान पद के उम्मीदवार कृष्ण कुमार सोनी द्वारा गांवों में जनसम्पर्क अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। जनसम्पर्क अभियान के दौरान विभिन्न गांवों में पहुंचे कृष्ण कुमार मौसूण का स्वर्णकार समाज के लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत किया और चुनाव में पूर्ण सहयोग देने की बात कही। बता दें कि स्वर्णकार सभा फतेहाबाद के प्रधान पद के चुनाव 16 फरवरी को होंगे। जनसम्पर्क अभियान के दौरान समाज के लोगों से वोटों की अपील करते हुए कृष्ण कुमार ने कहा कि उनका चुनाव लडऩे का एकमात्र उद्देश्य समाज के सभी लोगों को एकजुट कर समाज का चहुंमुखी विकास करना है। उन्होंने लोगों से 16 फरवरी को धर्मशाला रोड स्थित स्वर्णकार सेवा सदन में होने वाले मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने और उगता सूरज के सामने मोहर लगाकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ स्वर्णकार समाज के अनेक वरिष्ठ लोग भी मौजूद रहे।



कृष्ण कुमार मौसूण।

### महिला 6.44 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त के दौरान महाराणा प्रताप चौक हिसार रोड सिरसा क्षेत्र से एक महिला को 6 ग्राम 44 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान महाराणा प्रताप चौक हिसार रोड सिरसा की ओर जा रहे थे। इस दौरान पुलिस पार्टी को महाराणा प्रताप चौक पर एक महिला खड़ी हुई दिखाई दी। उक्त महिला ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र मौके से खिसकने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त महिला को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 6 ग्राम 44 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।

## प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा

- पोस्टर मेकिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में वेटलैंड डे के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग और क्विज प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग के लिए प्रोफेसर पंकज शर्मा, प्रो. राजकुमार सिवाच बतौर जज उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा प्रथम स्थान, शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज दूसरे स्थान व शाह सतनाम जी पीजी गर्ल्स कॉलेज तीसरे स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता के लिए जय नारायण गेदर, सेवानिवृत प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा व डॉ रोहताश, सेवानिवृत प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा और डॉ. हरपाल सिंह बतौर जज उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर एमएससी द्वितीय वर्ष, डिपार्टमेंट और ज्योग्राफी सीडीएलयू के विद्यार्थी प्रथम व दूसरे स्थान पर रहे और शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज, सिरसा के विद्यार्थियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अंडर ग्रेजुएट क्विज प्रतियोगिता में शाह सतनाम जी पीजी गर्ल्स कॉलेज प्रथम स्थान पर, यूएसजीएस फिजिक्स विभाग सीडीएलयू दूसरे स्थान पर और राजकीय नेशनल कॉलेज तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. उमेद सिंह, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. गुलाब सिंह, डॉ. कृष्णा देवी, हर्ष कुमार, सुनील कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कविता, प्रमोद और श्रवण कुमार ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।




**सिरसा।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का अवलोकन करते मुख्य अतिथि।

## महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान आयोजित

- महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आदि की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला उद्यमिता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. सुनील कंबोज राजकीय महाविद्यालय, भूना ने वक्तव्य में महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सामाजिक भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और उद्यमिता के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आदि की जानकारी दी, जिससे महिलाएं स्वयं का व्यवसाय शुरू कर आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकती हैं। जन सम्पर्क अधिकारी प्रो सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य परमजीत संधा ने करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान छात्राओं के लिए प्रेरणादायक होते है। प्रो. रीतु ने सबका धन्यवाद करते हुए व्याख्यान को छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक बताया। इस अवसर पर डॉ. स्वाती, डॉ. सीमा, प्रो. बिन्दु, मुक्ता शर्मा, ज्योती और छात्राएँ उपस्थित रही।



**रतिया।** महिला कॉलेज में छात्राओं को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

## गाड़ी चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सिविल लाइन थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जूटाते हुए चतरगढ़ पट्टी सिरसा क्षेत्र से हुई गाड़ी चोरी की घटना के मामले में एक आरोपी को शहर के चतरगढ़ पट्टी सिरसा क्षेत्र से काबू कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विजय उर्फ कटिया पुत्र रघुबीर सिंह निवासी बकरियां वाली जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि चतरगढ़ पट्टी निवासी कुलदीप सिंह पुत्र ज्ञान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 4 फरवरी 2023 की रात को उसकी यूटिलिटी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी और सुबह आकर देखा तो पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति गाड़ी चोरी करके ले गया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ सिविल लाइन थाना सिरसा में चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन थाना की एक पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को चतरगढ़ पट्टी सिरसा क्षेत्र से काबू लिया है। गाड़ी को पुलिस ने पहले ही लावारिश हालात में बरामद कर चुकी है लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी बकाया थी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी के एक अन्य साथी की पहचान कर ली है।

### सनशाइन स्कूल सिंथला में फेयरवेल

**भूना।** गांव सिंथला सहित सनशाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11वीं कक्षा के जूनियर विद्यार्थियों ने अपने 12वीं के सीनियर विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेम नैन और प्रिंसिपल कविता देवी द्वारा दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में जूनियर एवं सीनियर विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, नाटक और हास्य-व्यंग्य प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने मिलकर बीते वर्षों की यादों को साझा किया। विद्यालय के चेयरमैन राजेश नेहरा ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया। छात्र-छात्राओं को आगे की शिक्षा के टिप्स दिए।

## राजा टोडरमल की जयंती मनाई

- जो कौम अपना इतिहास नही जानती है, वह कभी अपना इतिहास नही बना सकती :वधवा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की फतेहाबाद शाखा द्वारा अनाज मंडी में आधुनिक राजस्व प्रणाली के जनक अरोड़ा खत्री पंजाबी राजा टोडरमल की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने राजा टोडरमल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा ने कहा कि जो कौम अपना इतिहास नही जानती है, वह कौम कभी अपना इतिहास नही बना सकती। उन्होंने सदस्यों से संगठन की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ ने कहा कि जो कौम अपने पूर्वजों को भुला देती हैं उन्हें भी समाज भुला देता है। हमें अपने पूर्वजों के नक्शे कदमों पर चलते हुए देश और धर्म की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए। वो धन्य हैं जो इस आपाधापी भरी जिंदगी में भी अपने पूर्वजों को नमन करने के लिए समय निकालते हैं व उनके आदर्शों को आत्मसात करने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर फतेहाबाद जिला महासचिव धर्मपाल चावला ने विश्वास दिलाया कि जिला में अगले वर्ष राजा टोडरमल की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी और उनकी जीवनी को समाज में बताकर प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक बाघला व दिनेश मल ने भी अपने विचार सांझा किए।



राजा टोडरमल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते समुदाय के सदस्य।

### स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में 'कार्निवाल 2025' का आयोजन

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में 'कार्निवाल 2025' का आयोजन किया गया। कार्निवल का शुभारंभ प्रमुख शिक्षाविद बनवारी लाल तनेजा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर शैलेन भास्कर, स्कूल प्रिंसिपल ज्योति शैलेन भास्कर ने भी दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। कार्निवल में आये मेहमानों का तिलक कर अभिनदंन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्निवल में आये हजारो बच्चों और उनके अभिभावकों ने मेले में आयोजित विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज का आनंद लिया। कार्निवल में हॉर्स राइडिंग, डॉट स्ट्राइक, दा डाइसी लक, स्पिन एंड विन, लार्ड ऑफ रिंग्स, क्रम्बल दा कैसल, डेयर टू बैलेंस सहित दर्जनभर से अधिक एक्टिविटीज की स्टॉल्स लगाकर आए मेहमानों का मनोरंजन किया। बच्चों और उनके अभिभावकों ने तंबोला, म्यूजिक चेयर रेस, वन मिनट शो गेम्स में भाग लिया।




**फतेहाबाद।** स्कॉलर्स स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

#### कार्यक्रम में पहुंचे मेहमानों का किया स्वागत

स्कूल के डायरेक्टर शैलेन भास्कर ने आये हुए मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल ने बहुत थोड़े ही समय मे अपनी एक अलग पहचान बनाई हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में दाखिले लिए। मेडिकल और आईआईटी जैसे संस्थानों में स्कूल के बच्चों ने अपनी मेहनत और बिना किसी एक्स्ट्रा कोचिंग के बुते प्रवेश पाया। कार्निवाल में बच्चों द्वारा लगाए गए गेमिंग स्टाल आकर्षण का विषय रहे और बच्चों और अभिभावकों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर स्कूल वाईस प्रिंसिपल डॉ. भावना विशिष्ट, इवेंट ऑर्गनाइजर हरमीत सिंह, रवि कड़वासरा, अंशुल तनेजा, सतीश बिश्नोई, संजय तनेजा, बलदेव मेहता, नरेंद्र गिल्होत्रा सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राधा-कृष्ण मंदिर का पहला स्थापना महोत्सव 14 को

**सिरसा।** केलनियां नंदीशाला में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर का प्रथम स्थापना महोत्सव आगामी 14 फरवरी को सुबह 11.15 बजे धूमधाम से मनाया जाएगा। केलनियां नंदीशाला कमेटी के प्रधान पवन बंसल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शहर के प्रमुख समाजसेवियों सहित महानुभावों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम मंदिर परिसर में मंदिर के पुजारी द्वारा विधिविधान से पूजन किया जाएगा, जिसमें नंदीशाला कमेटी सहित शहरवासी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। इसके बाद पूरा दिन मंदिर प्रांगण में कीर्तन होगा जिसमें गायक कलाकार राधा-कृष्ण भगवान को अपनी मधुर वाणी से भजन गाकर रिझाएंगे। सवा 11 बजे भगवान राधा-कृष्ण को भोग लगाने के बाद भंडारे का शुभारंभ होगा, जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### शिविर में 193 नेत्र रोगियों की हुई जांच

**सिरसा।** नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चेरिटेबल हास्पीटल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 193 नेत्र रोगियों की जांच की गई। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ समाजसेवी रविकांत गर्ग ने किया। सुमन मित्तल ने उन्हें फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सीय सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। रवि कांत गर्ग ने अस्पताल द्वारा संचालित दंत चिकित्सा विभाग, रक्त जांच विभाग, दवा व अन्य विभागों का अवलोकन किया और फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही

### नपा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया आज से


**फतेहाबाद।** जिले की जाखल नगरपालिका चुनाव को लेकर मंगलवार से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। प्रत्याशी 17 फरवरी तक नामांकन जमा कर सकेंगे। वहीं 12 व 16 फरवरी को अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र जमा नहीं होंगे। इसके बाद 18 फरवरी को पत्रों की जांच होगी। वहीं 19 फरवरी तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। उसी दिन प्रत्याशी को को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। प्रत्याशी 28 फरवरी तक प्रचार कर सकेंगे। दो मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी और 12 मार्च को मतगणना होगी। नामांकन पत्र जमा करवाने को लेकर प्रशासन की तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गई है, इसके लिए अलग से एक कमरा बनाकर 3 अधिकारियों को ड्यूटी लगा दी गई है।

### अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा मांगपत्र

# नील गायों को मारने का परमिट देने का बिश्नोई समाज ने किया विरोध

■ नीलगायों को मारने का परमिट देने का बिश्नोई समाज ने किया विरोध, अन्य विकल्पों पर विचार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। डीसी को मांग पत्र सौंपते अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा का प्रतिनिधिमंडल।

नीलगायों को मारने के लिए परमिट देने के अनुमति के विरोध में बिश्नोई समाज के लोगों ने आज अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के नेतृत्व में रोष जताया। सभा द्वारा जिला उपायुक्त मनदीप कौर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर इस अनुमति पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर विनोद काकड़ महासचिव, राधेश्याम सिहाग जिला प्रधान, अनिल सिहाग पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्ण कालीरावण, एडवोकेट समीर सियाग, एडवोकेट विष्णु दत्त मांझू, एडवोकेट बिन्दर मांझू, शिवकुमार भादू धांगड़, आत्माराम सहारण गोरखपुर, रामचंद्र डेलु गोरखपुर सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। सभा सदस्यों ने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है जहां किसान वर्ग हमेशा से वन्य जीवों के साथ संतुलन बनाते हुए खेती कार्य करता रहा है। अभी तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है कि किसी भी किसान या अन्य संगठन की तरफ से नील गायों को मारने की मांग की गई हो। हरियाणा में कोई भी समाज ऐसे अमानवीय कृत्य को स्वीकार नहीं करता है लेकिन फिर भी सरकार ने बिना सोचे समझे नीलगायों को मारने का परमिट देने को अनुमति दे दी है। यह आदेश बीजेपी सरकार की छवि के विरूद्ध है। सभा के प्रतिनिधियों ने 17 दिसंबर 2024 को मुख्य वन अधिकारी और 4 जनवरी 2025 को वन मंत्री से मिलकर नीलगायों की समस्या के मामले में विशेष योजना बनाकर अन्य राज्यों के जंगों में विस्थापित करने या विशेषज्ञों से राय लेकर नसबंदी करने व प्रभावित किसानों को मुआवजा देने जैसी नीति पर विचार करने के सुझाव दिए थे लेकिन फिर भी सरकार ने ऐसा आदेश जारी कर दिया जिससे प्रदेशभर के सर्वसमाज में रोष है। उन्होंने मांग की कि वन्य प्राणी संरक्षण कानून 1972 की धाराओं में बदलाव करते हुए नील गायों को मारने के परमिट की अनुमति पर यथाशीघ्र रोक लगाई जाए और वन्य जीव प्रेमियों और बिश्नोई समाज के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर अन्य विकल्पों पर विचार किया जाए।



सिरसा। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समाज के लोग।

## नील गाय को मारने के निर्णय से बिश्नोई समाज नाराज

■ बिश्नोई समाज ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

हरियाणा कैबिनेट द्वारा नर नीलगाय को मारने की अनुमति देने के निर्णय के विरोध में सोमवार को बिश्नोई समाज डबवाली के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक संजीव कुमार को सौंपा। साथ ही थाना शहर प्रभारी शैलेंद्र कुमार को भी ज्ञापन सौंप कर नीलगाय को मारने की अनुमति देने के निर्णय को वापस लेने की मांग उठाई गई। बिश्नोई समाज को आश्वासन दिया गया कि उनकी मांग मुख्यमंत्री हरियाणा को भेज दी जाएगी। इस संबंध में जीव रक्षा सभा के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत बिश्नोई ने बताया कि हरियाणा सरकार के उपरोक्त निर्णय को लेकर बिश्नोई समाज में काफी रोष है। सरकार जब तक यह एक्ट वापस नहीं लेगी तब तक बिश्नोई समाज पीछे नहीं हटेगा। लोग एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देकर रोष प्रकट करेंगे। उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज के लोग श्री गुरु जम्भेश्वर भगवान के बताए नियम जीव दया पालणी के संदेश पर चलते हुए किसी भी जीव को कभी मारने नहीं देते हैं। वे जीवों की हर हाल में रक्षा करते हैं चाहे इसके लिए उन्हें कोई कुर्बानी ही क्यों न देनी पड़े क्योंकि सभी जीवों को इस धरती पर रहने का हक है।

## विद्यार्थियों को दिया करियर संबंधी व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को महाविद्यालय की करियर गाइडलाइंस व प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एम.ए. व बी.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फाइनेंशियल, रोजगार व करियर संबंधित व्याख्यान आयोजित किया गया। टाटा ए.आई.ए. लाइफ इंश्योरेंस के डबवाली शाखा प्रबंधक व उनके सहयोगी मुकेश, पवन शर्मा ने फाइनेंशियल अवेयरनेस के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवरने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को रचनात्मक, प्रतियोगितात्मक व व्यवहारिक होना चाहिए व उन्हें अपने करियर का चुनाव सोच विचार कर ही करना चाहिए। प्राचार्या ने कहा कि करियर का चुनाव करने के पश्चात एक लक्ष्य का निर्धारण कर उसे प्राप्त करने का प्रयास करते रहने चाहिए, निश्चित रूप से उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होती है। शाखा प्रबंधक पवन शर्मा ने कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न होना बेहद महत्वपूर्ण है, इसके लिए सही मार्गदर्शन, करियर के लिए जागरुक व जिम्मेदार होना परम आवश्यक है, विशेषकर विधार्थियों को फाइनेंशियल अवेयरनेस होनी ही चाहिए ताकि समय रहते वे सही सुरक्षित करियर बना पाएं। ऐसे में समय का सद्रुपयोग कर बेहतर से बेहतर मार्गदर्शन का अनुसरण करना चाहिए।

## अध्यापक रतन को मिला विलक्षणा समाज सारथी सम्मान

■ रतन ने अपने कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। पंजाबी अध्यापक रतन को विलक्षणा समाज सारथी सम्मान से नवाजते आयोजक।

खंड रानियां में स्थित पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खारियां के पंजाबी अध्यापक लखविंद्र सिंह रतन को विलक्षणा समाज सारथी सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह रोहतक जिले के अजायब गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बीते रविवार को विलक्षणा एक सार्थक पहल समिति द्वारा आयोजित किया गया। विलक्षणा एक सार्थक पहल समिति द्वारा लखविंद्र सिंह रतन को यह सम्मान शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। रतन ने अपने कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है और उनका योगदान सराहनीय है। समिति की अध्यक्ष डॉ. सुलक्षणा अहलावत ने लखविंद्र सिंह रतन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण और मेहनत समाज के लिए प्रेरणादायक है। लखविंद्र सिंह रतन को समिति की अध्यक्ष डॉ. सुलक्षणा अहलावत, महासचिव डॉ. विकास शर्मा, टांटिया विश्वविद्यालय श्रीगंगानगर राजस्थान के हिन्दी विभागाध्यक्ष एडवोकेट डॉ. नरेश सिहाग बोहल, फिल्म निर्देशक हरविंद्र मलिक, प्रसिद्ध छायाकार व साहित्यकार राजकिशन नैन, अभिनेत्री सुमन सेन, हिन्द केसरी लोकगायक बाली शर्मा और लोकगायक जनकराज बापौड़ा द्वारा शॉल पहनाकर प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जिला बार एसोसिएशन चुनाव, प्रधान पद के लिए दिनेश गेरा ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर नामांकन भरते वकील।

जिला बार एसोसिएशन के 28 फरवरी को होने वाले वार्षिक चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। चुनाव अधिकारी राकेश गर्ग, सदस्य आरएस चथरथ, कमलेश वशिष्ठ, प्रेम परमजीत कौर, राजेश गांधी व अनुज आनंद ने बताया कि आज पहले दिन प्रधान पद के लिए दिनेश गेरा ने अपना नामांकन पत्र भरा। उपप्रधान पद के लिए सितेन्द्र कुमार, वित्त सचिव के लिए संदीप श्योराण, सह-सचिव के लिए शम्मी कुमार, सचिव के लिए सुग्रीव गोदारा ने अपने नामांकन पत्र चुनाव कमेटी के समक्ष दाखिल किए। जानकारी के मुताबिक, प्रधान पद के लिए दिनेश गेरा ने जब नामांकन पत्र दाखिल किया तो उनके साथ काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। उनके साथ वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस संधू, कोशल मेहता, विनय शर्मा, राजेश शर्मा, नरेश सोनी, आत्माराम डेलू, एनके सेठी, प्रवीण राणा, सुशील बिश्नोई, प्रकाश चंद ग्रोवर, सुरेन्द कांगड़ा, राहुल चौहान, मधुसूदन गोदारा, मंगत सैनी सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम राजेश कुमार ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश कुमार।

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान एसडीएम राजेश कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करना और प्रशासन व जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना था। समाधान शिविर में नागरिकों ने अपनी समस्याओं को एसडीएम राजेश कुमार के समक्ष रखा। इनमें भूमि रिकॉर्ड से संबंधित मुद्दे, सरकारी योजनाओं का लाभ, पेंशन, बिजली-पानी की समस्याएं, आवासीय एवं राजस्व संबंधी शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल थीं। एसडीएम ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है।

## फतेहाबाद पुलिस ने शराब सहित बाइक सवार युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने बाईक सवार युवक को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि पुलिस की टीम एचसी जयदेव के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव भूथनकलां से पालसर रोड पर जा रही थी तो सामने एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और मोटरसाइकिल को वापस मोडने लगा। इसी दौरान हड़बड़ाहट में युवक बाईक सहित गिर गया। पुलिस कर्मचारियों ने युवक को उठाकर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम रमेश कुमार पुत्र फकीरचंद निवासी नाढोडी बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास एक बैग से 37 बोतल ठेका शराब देशी बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## विधायक शीशपाल केहरवाला ने किया हलके में धन्यवादी दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



कालांवाली के कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने सोमवार को अपने हलके के विभिन्न गांवों का दौरा कर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। गांव खैरेकां, सहारणी, बप्पां, झिड़ी, पंजमाला, झोरडरोही, बीरूवालागुढ़ा, ढाबां, भंगु, छतरियांवाली, रघुआना, आनंदगढ़, दौलतपुर खेड़ा व बड़ागुढ़ा आदि में मतदाताओं से संपर्क साधते हुए विधायक केहरवाला ने कहा कि जो सम्मान और प्यार कालांवाली हलके के मतदाताओं ने उन्हें दिया है, वे उसके लिए सदैव उनके आभारी रहेंगे। विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि पूर्व के पांच सालों की तरह अगले पांचों साल भी कालांवाली के प्रत्येक नागरिक के हितों के लिए वे पूरे जी जान से संघर्ष करेंगे और उन्हें अधिकाधिक सुविधाएं मयस्सर करवाएंगे। विधायक ने कहा कि बेशक हरियाणा में कांग्रेस की सरकार नहीं बनी लेकिन हलके के नागरिकों को विकास के मामले में कमी नहीं महसूस होने दी जाएगी।

**मौजूद रहे**

इस अवसर पर उनके साथ बलदेव सिंह मराड, होशियार सिंह नेजाडेला, जर्मन भंगु, मंदीप सिंह लकड़ांवाली, सोहन सिंह थिराज, दीप्पी बराड़, नाजम सिंह, रमेश खैरेकां, रमेश वैदवाला, कर्ण बिश्नोई व सुनील बिश्नोई पथेड़ा आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ढाणी माजरा से डोडा पोस्त सहित व्यक्ति काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने गांव ढाणी माजरा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान भाल सिंह पुत्र बदरी प्रशाद निवासी ढाणी माजरा के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई मेजर के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान नेशनल हाइवे पर गांव धांगड़ बस अड्डे पर मौजूद थी।

## नगरपरिषद चुनाव में भागीदारी को लेकर पूर्वांचल समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। नगरपरिषद चुनाव में भागीदारी को लेकर पूर्वांचल समाज की बैठक में पहुंचे समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

आगामी नगरपरिषद चुनावों में शहर के वार्ड नंबर 9, संतनगर कॉलोनी, सिरसा में पूर्वांचल समाज की भागीदारी को लेकर एक अहम बैठक हुई जिसमें सभी ने राजनीतिक भागीदारी को लेकर अपना-अपना पक्ष रखा। पूर्वांचल सेवा समिति के सह मीडिया प्रभारी मान सिंह शाक्या ने बताया कि सिरसा शहरी एरिया में पूर्वांचल समाज की शहर की कुल जनसंख्या के अनुपात में 15 प्रतिशत की भागीदारी है। ऐसे में पूर्वांचल समाज की छोटे से बड़े चुनाव में किसी भी राजनीतिक पार्टी की हार-जीत में अहम भूमिका रहती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के जिन वार्डों में पूर्वांचल समाज की संख्या बाहुल्य है, उन वार्डों में पूर्वांचल समाज के प्रत्याशी उम्मीदवार के रूप में उतारे जाएंगे। शहर के कुछ वार्डों में पूर्वांचल समाज के प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा भी की गई।

**कार्यक्रम** पीएम के विचारों को प्रेरणादायक और मार्गदर्शक बताया, अपनाने का संकल्प

## 'परीक्षा पे चर्चा' का बीएड कॉलेज में लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में पीएम का संदेश सुनते विद्यार्थी।

मनोहर मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में कैरियर काउंसलिंग सेंटर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2025' का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कॉलेज परिसर में किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और छात्रों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षाओं का सामना करने की प्रेरणा दी। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान नेतृत्व गुणों पर जोर देते हुए कहा कि एक अच्छे नेता में धैर्य होना चाहिए और जहां जरूरत हो, वहां सहायता करने की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने समग्र विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि परीक्षा ही सबकुछ नहीं होती, बल्कि ज्ञान और परीक्षा दो अलग-अलग चीजें हैं। पीएम ने इस बात पर भी जोर दिया कि हर छात्र में कोई न कोई विशिष्ट प्रतिभा होती है, जिसे पहचानना और सही दिशा में मार्गदर्शन देना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। इस संदर्भ में उन्होंने टिंकरिंग लैब का उदाहरण दिया, जहां एक छात्र ने अपनी रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का उपयोग करके एक रोबोटिक उपकरण तैयार किया। प्रधानमंत्री ने समझाया कि हर छात्र की क्षमता अलग होती है और यदि शिक्षक उसकी रुचि और प्रतिभा को सही दिशा में आगे बढ़ाएं, तो वह अपने जीवन में नई ऊँचाइयां छू सकता है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया और प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।